उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती अक्टूबर–2018 के अन्तर्गत दिनॉकः 27–01–2019 एवं 28–01–2019 को दो पालियों में सम्पन्न ऑफ–लाइन लिखित परीक्षा के प्रश्न, उत्तर विकल्प एवं उत्तर–कुंजी के सम्बन्ध में प्राप्त आपत्तियों के परीक्षणोंपरान्त संशोधित अन्तिम उत्तर–कुंजी के प्रकाशन के सम्बन्ध में।

पीआरपीबी–एक–1(138–2–II)/2018, दिनांकः नवम्बर 08 ,2018

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती अक्टूबर–2018 के अन्तर्गत दिनॉकः 27–01–2019 एवं 28–01–2019 को दो पालियों में सम्पन्न ऑफ–लाइन लिखित परीक्षा के प्रश्नों तथा आन्सर–की (उत्तर–कुंजी) बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर दिनॉकः 04–02–2019 से 07–02–2019 तक प्रदर्शित कर अभ्यर्थियों से किसी प्रश्न या किसी उत्तर के सम्बन्ध में कोई विसंगति होने की दशा में दिनॉकः 07–02–2019 तक ऑन–लाइन आपत्तियॉ आमंत्रित की गयी थीं।

2– अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में प्रेषित आपत्तियों के परीक्षणोंपरान्त एवं विषय विशेषज्ञों की संस्तुतियों के आधार पर उपरोक्त लिखित परीक्षा की संशोधित अन्तिम उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in अभ्यर्थियों के लिये अवलोकनार्थ प्रदर्शित कर दी गयी है। उक्त लिंक दिनॉकः 12–11–2019 तक कियाशील रहेगा।

3– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।